प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के चौथे दिन विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– 2029 तक प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार।
2. महाकुंभ में 26 फरवरी को होने वाले महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान को लेकर प्रशासन मुस्तैद : मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने आज प्रयागराज में तैयारियों को परखा।
3. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज बनारस रेल इंजन कारखाना में विद्युत रेल इंजन को राष्ट्र को किया समर्पित : नवनिर्मित पर्यवेक्षक विश्राम गृह और अमृत कानन सामुदायिक पार्क का भी किया उद्‌घाटन। और
4. केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा आज वाराणसी में काशी तमिल संगमम में हुए शामिल : कहा– एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार करता है यह आयोजन।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन आज सदन में कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से

अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 2029 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश की स्पोटिंग सेल को आज देश ओर दुनिया देख रही है। महाकुंभ के इस आयोजन के समय हम जोड़कर देखते है। अकेले महाकुंभ का का आयोजन देश की इकोनामी में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की ग्रोथ करने वाला है। संसाधनों से भरपूर उत्तर प्रदेश को प्रकृति और परमात्मा की कृपा से ओतप्रोत हम उत्तर प्रदेश पिछले 8 वर्ष से डबल इंजन की सरकार के प्रयास से इसकी बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और 29 में उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डालर की इकोनामी बनेगा और देश सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनेका इसके लिये पूरे सदन को मैं आश्वस्त करता हूं।*

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने आज सदन में उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सवाल किया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकारी अस्पतालों में न तो पर्याप्त चिकित्सक है और न ही दवाएं हैं। इस पर जवाब देते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि 2017 के बाद से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार हुए ह।

उधर, विधान परिषद में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री ने उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित मुद्दों को लेकर सदन को तथ्यों से अवगत कराया, जबकि विपक्ष ने शून्य प्रहर में बेरोजगारी का मुद्दा कार्य स्थगन के रूप में उठाया।

———————

महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। आज शाम 6 बजे तक 1 करोड़ 16

लाख से अधिक लोगों ने पवित्र संगम में स्नान किया। जबकि अब तक कुल स्नान करने वालों का आंकड़ा 59 करोड़ पार कर गया है। इसी क्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने आज प्रयागराज में पवित्र संगम में परिवार के साथ आस्था की डुबकी लगाई और पूजा अर्चना की। उन्होंने महाकुंभ आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। बाइट.....

*यहां पर आस्था के साथ और विश्वास के साथ संगम में डुबकी लगा रहे है। यही बताता है कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी साहब का जो नमामि गंगे का प्रोजेक्ट कितना सफल हुआ है। माननीय यूपी के मुख्यमंत्री श्री योगी जी और सभी मत्री यहा पर काम करने वाले सभी का अभिनन्दन करूंगा। डेढ़ महीने के अंदर करीब 58 से 60 करोड़ लोगों को अपनी आस्था के साथ डुबकी लगाने उनकी सेफ्टी के साथ लायन आडर को देखते हुए गंदगी का नामो निशान यहा पर नहीं है। इतना बड़ा आयोजन अगर कोई कर सकता है तो हमारा देश भारत कर सकता है।*

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा ने भी आज पवित्र संगम में स्नान किया। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे पवित्र स्नान करने का अवसर मिला।

——————

प्रदेश सरकार प्रयागराज महाकुंभ में आगामी 26 फरवरी को होने जा रहे महाशिवरात्रि के अंतिम महत्वपूर्ण स्नान की तैयारियों में जुट गई है। प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ नगर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये। पत्रकारों से बातचीत में मुख्य सचिव ने

बताया कि अंतिम स्नान और वीकेंड के लिये बेहतर यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था की जा रही है। बाइट.....

*26 फरवरी को महाशिवरात्रि का महा स्नान है और उसी की तैयारी की समीक्षा के लिये हम और डीजीपी साहब आज आये है और सभी संबंधित अधिकारियों से बातचीत के साथ मौके पर ही फार्टन बिजेस, झकर प्लेट नदी में जो जल की मात्रा है और जो हल की शुद्धता है ये सब देखने के लिये हम आज आये हुए है। महाशिवरात्रि के दिन उसके पहले जो वीकेंड आ रहा है उसमें ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें आने की कोशिश करेंगे।*

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि लगातार सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है और अब तक पचास से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं। बाइट.....

*लोगों के आवागमन को सुचारू रूप से बेहतर बनाया जा सके इसका प्रयास किया जा रहा है। हम लोगों ने जो हो इम तरह के है उस पर तीन एफआईआर किये है और कुल मिलाकर करके भ्रामक समाचार फैलाने के संबंध में लगभग 50 से अधिक एफआईआर किये हैं।*

दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद ने कहा है कि प्रयागराज महाकुंभ विश्वास, संस्कृति और आध्यात्मिकता का संगम है। महाकुंभ में कुंभवाणी केन्द्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कुंभवाणी इस दिव्य आयोजन के संदेश को सभी लोगों तक पहुंचाने का अविश्वसनीय माध्यम है।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज वाराणसी में बनारस रेल इंजन कारखाना में बरेका द्वारा निर्मित विद्युत रेल इंजन WAP7 को हरी झंडी दिखाकर राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान वित्त मंत्री ने इसके बारे में जानकारी भी ली। पेश है एक रिपोर्ट......

*वित्त मंत्री ने बरेका द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में अब तक का निर्मित 375वां लोकोमोटिव राष्ट्र को समर्पित किया और स्वयं डाइवर कैब में बैठ करइसकी तकनीकी विशेषताओं की जानकारी ली। उन्होंने बरेका के समर्पित अधिकारियों–कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की । इस अवसर पर महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह एवं प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एस.के.श्रीवास्तव ने बरेका की उत्पादन गतिविधियों एवं तकनीकी विषयों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इससे पूर्व, वित्त मंत्री के लोको फ्रेम शॉप पहुंचने पर महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने आगवानी की एवं बरेका परिवार की ओर से उनका हार्दिक अभिनंदन किया। भ्रमण के दौरान कारखाना परिसर की साफ–सफाई, तकनीकी विशेषताओं की उन्होंने उनमुक्त कंठ से सराहना की। इसके पूर्व, वित्त मंत्री ने नवनिर्मित पर्यवेक्षक विश्राम गृह एवं अमृत कानन सामुदायिक पार्क का भी उद्घाटन किया।*

*मनीष आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

—————————

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा आज वाराणसी के नमो घाट पर काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम दो संस्कृतियों का मिलन है। उन्होंने कहा कि दोनों संस्कृतियों का मेल एक भारत–श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करता है। बाइट.....

*तमिलनाडु का तमिल भाषा का तमिल संस्कृति का काशी से बहुत पुराना संबंध है और हमको वो पुराना संबंध अनेको अनेक उदाहरण के साथ देखने को मिलता है। ऐसे दो संस्कृतियों को मिलन हैं एक भारत श्रेष्ठ भारत अनेका में एकता विविधता में एकता इस मंत्र को सूत्रपात्र करते हुए जो प्रधानमंत्री जी ने इस कार्यक्रम को चलाया है और यह तृतीय संगमम हो रहा है। यहां विविध संस्कृतियां का मिलन होता है इसके लिये मैं कहना चाहूंगा। इस दूर दृष्टि के लिये प्रधानमंत्री जी को भारत की जनता और यहां बैठे तमाम लोग बहुत–बहुत साधुवाद देते हैं।*

इससे पूर्व श्री नड्डा ने बीएचयू के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। केन्द्रीय मंत्री ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन भी किया।

—————————

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली दौरे के दूसरे दिन आज भीरा गोविंदपुर पहुंचे। इस अवसर पर श्री गांधी ने कार्यक्रम स्थल पर लगे अमर शहीद बीरा पासी व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात उन्होंने लालगंज में युवाओं से संवाद किया।

———————

प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा बोर्ड परीक्षाओं की निगरानी के लिये राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से 54 से अधिक कंप्यूटर्स पर मॉनिटरिंग की जा रही है। बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरु हो रही हैं। इस दौरान 54 लाख से अधिक छात्र और छात्राएं हाईस्कूल और इंडरमीडिएट की परोक्षाएं देंगे। 8 हजार 140 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं संपन्न होंगी।

———————

मौसम विज्ञान विभाग ने इस सप्ताह सत्ताईस फरवरी तक मौसम शुष्क रहने और देर रात और सुबह के समय कहीं कहीं हल्का कोहरा पड़ने की संभावना जताई विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले अड़तालिस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान दो से पांच डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना है।

(समाप्त)